फा.सं. ए -48012/1/2021-Estt-II
दिनांक: .02.2022

भारत सरकार,
कर्मचारी चयन आयोग,
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय,
ब्लॉक स० 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003

Government of India,
Staff Selection Commission
Min. of Personnel, Public Grievances & Pensions,
Block No. 12, CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi - 110003

सेवा में,

सहायक निदेशक (विज्ञा.)
रोजगार समाचार, 7 वीं मंजिल, सूचना भवन
सी जी ओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-03

विषय:- कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय) की विभागीय कैंटीन में 'सहायक प्रबंधक-सह-स्टोरकीपर' के पद पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भर्ती के संदर्भ में।

महोदय/महोदया,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आयोग (मुख्यालय) में 'सहायक प्रबंधक-सह-स्टोरकीपर' का एक पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना है। इस संबंध में एक संक्षिप्त विज्ञप्ति रोजगार समाचार के अगले अंक में प्रकाशित करने के लिए संलग्न की जा रही है। विज्ञापित किए जाने वाले पद के लिए दो प्रतिया, अंग्रेजी और हिंदी संस्करण, प्रत्येक की एक-एक प्रति संलग्न की जा रही है। एक सीडी भी संलग्न की जा रही हैं जिनमें विषय-वस्तु अंग्रेजी और हिंदी में है । अनुरोध है कि इस विज्ञापन को रोजगार समाचार के अगले अंक में प्रकाशित किया जाए। रोजगार समाचार के संगत अंश की एक प्रति भी आयोग को भेजी जाए। तत्पश्चात, बिल को आयोग में भेजा जा सकता है ।

भवदीय,
15/2/2022
(ए.के.मंडल)
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्न: उपर्युक्त

**फा.सं. ए -48012/1/2021-Estt-II**
**दिनांक: .02.2022**

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय,
ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली -110003

Government of India
Staff Selection Commission
Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions,
Block No. 12, CGO Complex, Lodhi Road,
New Delhi - 110003.

---

सेवा में ,

**भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।**

विषय:- कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय), नई दिल्ली की विभागीय कैंटीन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार 2400/- रुपए के ग्रेड वेतन के साथ 5200-20200/- रु. के पूर्व-संशोधित वेतन बैंड-I में सहायक प्रबंधक-सह-स्टोरकीपर की नियुक्ति ।

कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय), नई दिल्ली की विभागीय कैंटीन में सीपीसी के अनुसार 2400/- रुपये के ग्रेड वेतन के साथ 5200-20200 /- के संशोधित वेतन बैंड पीबी-I में **सहायक प्रबंधक-सह- स्टोरकीपर** के एक पद को **प्रतिनियुक्ति के** आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। यह पद कर्मचारी चयन आयोग के सामान्य केंद्रीय सेवा समूह "ग" अराजपत्रित और गैर-मंत्रालयीय संवर्ग से संबंधित है। पात्रता संबंधी मानदंड **अनुबंध-I** में दिए गए हैं। चयनित अधिकारी का वेतन और सेवा संबंधी अन्य शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था.(वेतन- II), दिनांक 17.06.2010 के अनुसार विनियमित किए जाएंगे।

2. केवल उन्हीं अधिकारियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जिनके आवेदन उचित माध्यम से प्राप्त होंगे और जिनके साथ (i) संलग्नक-II में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार बायोडाटा (तीन प्रतियों में), (ii) अधिकारी के पिछले पांच वर्ष के विधिवत प्रमाणित अद्यतन सीआर/एपीएआर डोजियर की प्रतियां (मूल एसीआर / एपीएआर **नहीं** भेजे जाएं), (iii) संवर्ग अनापत्ति (iv) सतर्कता मंजूरी / सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र और (v) अधिकारी पर आरोपित लघु शास्तियों, यदि कोई हो, से संबंधित विवरण संलग्न होगा।

3. यह अनुरोध किया जाता है कि जो अधिकारी इस पद के लिए इच्छुक एवं पात्र हैं और जिन्हें चयन की स्थिति में तुरंत कार्यमुक्त किया जा सके, उन्ही उपयुक्त अधिकारियों के आवेदन 'रोजगार समाचार' में प्रकाशन की तारीख से **दो महीने** की अवधि के भीतर निम्नलिखित पते पर भेजे जाएं:

जारी ...2/-

**"श्री ए. के. मडल अवर सचिव, स्थापना- ।।, कर्मचारी चयन आयोग, ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**

4. कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय) की विभागीय कैंटीन में सहायक प्रबंधक-सह-स्टोरकीपर के पद के लिए आवेदकों को चयन-प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में अपने आवेदन को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आवेदन की अग्रिम प्रतियां निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त होने या आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के संलग्न नहीं होने पर आवदेनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

(ए. के. मंडल)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपि:-

1. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक का कार्यालय, नई दिल्ली।
2. महालेखा नियंत्रक/लेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय।
3. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली।
4. कैबिनेट सचिवालय/केंद्रीय सतर्कता आयोग/राष्ट्रपति सचिवालय/उप-राष्ट्रपति सचिवालय/ प्रधानमंत्री कार्यालय/ नीति आयोग ।
5. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड/केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड।
6. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली।
7. सुविधा केंद्र, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
8. स्था–ख प्रभाग, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
9. महानिदेशक, भूतपूर्व सैनिक पुनर्वासन एवं पुनर्नियोजन, आरके पुरम , नई दिल्ली ।
10. कर्मचारी चयन आयोग के सभी अधिकारी/अनुभाग।
11. आईटी सपोर्ट टीम- अनुरोध है कि इस विज्ञापन को आज ही कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करें।

भवदीय ,

(ए. के. मंडल)
अवर सचिव, भारत सरकार

**अनुबंध-I**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद | सहायक प्रबंधक-सह-स्टोरकीपर |
| 2 | पदों की संख्या | 01 (एक) |
| 3 | वेतनमान / वेतन मैट्रिक्स | छठे वेतन आयोग के अनुसार पूर्व-संशोधित वेतन बैंड-I, 5200-20200/- रु., ग्रेड वेतन 2400/- रु. |
| 4 | नियुक्ति का तरीका | प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण |
| 5 | पात्रता | केंद्र सरकार के अधिकारी -<br>**क-** (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करना, या<br>(ii) पूर्व-संशोधित वेतन बैंड- I, 5200-20200/- रु., ग्रेड वेतन- 1900/- रु. या समकक्ष वेतनमान के अंतर्गत पद पर न्यूनतम आठ वर्ष की नियमित सेवा<br>(iii) निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता रखने वाले:<br>क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी कॉम या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक के साथ बुक कीपिंग या स्टोर कीपिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा।<br>ख) अनुभव- किसी सरकारी विभाग या उपक्रम में स्टोर या खातों के रख-रखाव का तीन वर्ष का अनुभव।<br><br>नोट 1: यदि अभ्यर्थी पूर्ण रूप से योग्य न हो तो सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर अभ्यर्थी की योग्यता में छूट दी जा सकती हैं और दी गई छूट के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाए।<br><br>नोट 2: यदि अभ्यर्थी अजजा/अजा से संबंधित हो और चयन के किसी भी चरण मे सक्षम प्राधिकारी की यह राय हो कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए इन समुदायों से अपेक्षित अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध होने की संभावना नहीं है तो सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर अभ्यर्थियों को अनुभव संबंधी योग्यता में छूट दी जा सकती हैं और दी गई छूट के कारणों को लिखित रूप में दर्ज किया जाना चाहिए।<br><br>(ग ) किसी सरकारी विभाग या उपक्रम में स्टोर या खातों के रख-रखाव का तीन वर्ष का अनुभव।<br><br>नोट 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित उक्त प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br><br>टिप्पणी 2: फीडर श्रेणी के वे विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए उनकी पात्रता पर विचार नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्तिके लिए पदोन्नति द्वारा नियुक्ति की पात्रता पर विचार नहीं किया जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | | नोट 3: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा 56 वर्ष है।<br><br>नोट 4: नियुक्ति के प्रयोजनार्थ प्रतिनियुक्ति / आमेलन के आधार पर, 01 जनवरी, 2006 से पहले किसी अधिकारी द्वारा की गई सेवा या वह तारीख जिससे छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना को बढ़ा दिया गया है, उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर तदनुरूपी ग्रेड वेतन या विस्तारित वेतनमान में प्रदान की गई सेवा के रूप में माना जाएगा, सिवाय इसके कि जहां एक से अधिक संशोधित वेतनमानों का समान ग्रेड वेतन या वेतनमान में विलय किया गया है मझा जाता है और जहां यह लाभ केवल उन्हीं पदों के लिए विस्तारित किया जाएगा जिनके लिए वह ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन है। |
| 6 | प्रतिनियुक्ति की अवधि | अधिकतम 03 (तीन) वर्ष। |

**अनुबंध-II**

## बायोडाटा : प्रपत्र

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाम और पता<br>(बड़े अक्षरों में) | | | | | |
| 2 | जन्म तिथि (ईसा वर्ष में) | | | | | |
| 3 | केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | | | | | |
| 4 | शैक्षिक योग्यता | | | | | |
| 5 | क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य योग्यताएं उपयुक्त हैं। ( यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकरण बताएं) | | | | | |
| | | | योग्यता / अपेक्षित अनुभव | | योग्यता / अधिकारी का अनुभव | |
| | अनिवार्य | 1 | | | | |
| | | 2 | | | | |
| | | 3 | | | | |
| | अपेक्षित | क | | | | |
| | | ख | | | | |
| | | ग | | | | |
| 6 | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में आप पद की आवश्यकता को पूरा करते हैं | | | | | |
| 7 | कालानुक्रम में रोजगार का विवरण। यदि नीचे का स्थान अपर्याप्त है तो आपके हस्ताक्षरसे विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न की जाए। | | | | | |
| | कार्यालय/संस्था | धारित पद | कब से | कब तक | पूर्व-संशोधित वेतन बैंड में वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति (विस्तार से विवरण दें) |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| 8 | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी। | | | | | |
| 9 | यदि वर्तमान रोजगार | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर धारित है, तो कृपया बताएं:<br>क. प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख<br>ख. प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि<br>ग. मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं | | | | | |
| 10 | वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण | | | | | |
| | कृपया बताएं कि आप किसके अधीन कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के समक्ष अपने नियोक्ता का नाम बताएं ) | | | | | |
| क | केंद्र सरकार | | | | | |
| ख | राज्य सरकार | | | | | |
| ग | स्वायत्तशासी संगठन | | | | | |
| घ | सरकरी उपक्रम | | | | | |
| ड. | विश्वविद्यालय | | | | | |
| च | अन्य | | | | | |
| 11 | कृपया यह बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं। | | | | | |
| 12 | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो वह तारीख लिखें जिससे पुनरीक्षण हुआ है और पूर्व-संशोधित वेतनमान भी इंगित करें। | | | | | |
| 13 | वर्तमान मे आहरित प्रति माह कुल परिलब्धियां | | | | | |
| 14 | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहेंगे। (इसमें यह अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र में निर्धारित कार्य अनुभव के अतिरिक्त कार्य अनुभव के संबंध में जानकारी प्रदान कर | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सकते हैं। | | | | | |
| 15 | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी/ आमेलन/पुनः रोजगार आधार पर) के लिए आवेदन कर रहे हैं। (केंद्र/राज्य सरकार के अधिकारी ही केवल "समामेलन " के लिए पात्र हैं) गैर-सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र हैं | | | | | |
| 16 | क्या अजजा/अजा से संबंधित हैं | | | | | |
| 17 | टिप्पणी (अभ्यर्थी (i) शोध प्रकाशन एवं रिपोर्ट और विशेष परियोजनाओं, (ii) पुरस्कार/ छात्रवृत्ति/ आधिकारिक प्रशंसा, (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/समितियों/ और (iv) कोई अन्य जानकारी प्रदान कर सकते हैं। (यदि स्थान अपार्याप्त है तो अलग से शीट संलग्न करें) | | | | | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से देखा है और मुझे अच्छी तरह पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा समर्थित बायोडाटा का भी पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता ________________

________________

________________

तारीख:-

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता की मुहर)

NIC

SHORT NOTIC

**फा.सं. ए- 48012/1/2021-स्था.।।**

**भारत सरकार**

**कर्मचारी चयन आयोग**

**कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग**

**ब्लॉक नंबर 12, केंद्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003.**

*********

**निम्नलिखित पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना है: -**

**सहायक प्रबंधक-सह-स्टोरकीपर - विभागीय कैंटीन, कर्मचारी चयन आयोग , मुख्यालय, नई दिल्ली में 1 (एक) पद ।**

**पद का वेतनमान: - पूर्व-संशोधित वेतन बैंड- I, 5200-20200 / - रुपये, ग्रेड वेतन- 2400 / - रु. , छठे केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार**

**पात्रता** - केंद्र सरकार के अधीन अधिकारी ।

**क-** (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करना, या

(ii) पूर्व-संशोधित वेतन बैंड- I, 5200-20200/- रु., ग्रेड वेतन- 1900/- रु. या समकक्ष वेतनमान के अंतर्गत पद पर न्यूनतम आठ वर्ष की नियमित सेवा

(iii) निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता रखने वाले:

क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी कॉम या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक के साथ बुक कीपिंग या स्टोर कीपिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा।

ख) अनुभव- किसी सरकारी विभाग या उपक्रम में स्टोर या खातों के रख-रखाव का तीन वर्ष का अनुभव।

**प्रतिनियुक्ति की अवधि: अधिकतम 03 (तीन) वर्ष ।**

चयनित अधिकारी का वेतन और सेवा संबंधी अन्य शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथासंशोधित कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था.(वेतन-II), दिनांक 17.06.2010 के अनुसार विनियमित की जाएंगी ।

**<u>अधिक जानकारी और बायोडाटा (प्रोफार्मा) के लिए कृपया वेबसाइट www.sss.nic.in पर लॉग ऑन करें।</u>**